हिन्दुस्तान

# चोरी का सिंडीकेट चलाने वाला सरगना गिरफ्तार

**बलरामपुर, संवाददाता।** चोरी और नकबजनी की घटनाओं को संगठित तरीके से अंजाम देने वाले कथित आपराधिक सिंडिकेट के सरगना को कोतवाली देहात पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है।

आरोपी जेल से छूटने के बाद दोबारा साथियों को जुटाकर चोरी को अंजाम देने की तैयारी में था। आरोपी के खिलाफ बलरामपुर और श्रावस्ती के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी और चोरी का माल बरामद होने से संबंधित छह मुकदमे दर्ज हैं।

आठ अगस्त को विकास पांडेय व मनीष कुमार मिश्र के खिलाफ आपराधिक सिंडिकेट गठित कर संगठित रूप से चोरी और नकबजनी करने तथा आर्थिक लाभ अर्जित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों की आपराधिक गतिविधियों और पूर्व में दर्ज मुकदमों के आधार पर पुलिस ने सिंडिकेट बनाकर अपराध करने का मामला माना।



देहात कोतवाली में गिरफ्तार आरोपी।